an>

title: Regarding frequent power cuts in different villages of Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदय, वर्तमान सरकार किसानों के कल्याण के लिए बजट लाई है, उसके लिए मैं विशेष रूप से प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। केन्द्र सरकार किसानों एवं जवानों के लिए विकास कार्य के जरिए कल्याणकारी योजनाएं ला रही है। मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। इस समय वहां बोर्ड, हाई स्कूल, इंटर और बी.ए. की परीक्षाएं चल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र जिनके पिता किसान हैं, उन गांवों की बिजली बिना किसी नोटिस के और दुर्भावनापूर्ण तरीके से काट दी गई है। मेरे द्वारा गोद लिए आदर्श गांव योजना के अंतर्गत संत कबीर नगर जनपद के सानेखुर्द गांव की बिजली भी काट दी गई इससे प्रतीत होता है कि वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार को किसानों और जवानों की पीड़ा से कोई मतलब नहीं है। मैं आपके माध्यम से चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार निर्देशित करे कि पढ़ाई के समय किसी भी गांव की बिजली न काटी जाए। विशेष रूप से जो आदर्श ग्राम की बिजली काटी गई है उससे परिलक्षित होता है कि वहां का स्थानीय अधिशासी अभियंता सरकार के दुर्भावनापूर्ण इशारे पर कर रहा रहा है।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri Chandra Prasad Joshi, Shri Sudheer Gupta and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.

Dr. T.G. Venkatesh Babu.